भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5902
जिसका उत्तर सोमवार 30 मार्च, 2026
9 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाना है

सीपीएसई का विनिवेश

5902. डॉ. अमर सिंहः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पूरे किए गए विनिवेश अंतरणों और लंबित विनिवेश अंतरण का केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) -वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान कितने सीपीएसई से विशेष लाभांश अथवा अधिशेष अंतरण प्राप्त हुए और प्रत्येक से कितनी राशि प्राप्त हुई है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क): सरकार (i) अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री और (ii) सीपीएसई के रणनीतिक विनिवेश के माध्यम से विनिवेश करती है। सीपीएसई में प्रबंधन नियंत्रण के अंतरण के बिना अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री सेबी द्वारा अनुमोदित पद्धतियों जैसे कि प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ), बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस), शेयरों की वापसखरीद आदि के माध्यम से मूल्य को अनलॉक करने, सार्वजनिक स्वामित्व को बढ़ावा देने, सेबी की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता की शर्त को पूरा करने और उच्च स्तरीय उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए की जाती है। रणनीतिक विनिवेश का आशय प्रबंधन नियंत्रण के अंतरण के साथ किसी सीपीएसई में सरकारी शेयरधारिता के संपूर्ण या काफ़ी बड़े हिस्से की बिक्री से है। वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री और रणनीतिक विनिवेश के माध्यम से की गए विनिवेश का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त विनिवेश एक सतत् प्रक्रिया है और विशिष्ट लेन-देन का निष्पादन/पूरा होना बाजार परिस्थितियों, घरेलू और वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण, भू-राजनीतिक कारकों, निवेशकों की अभिरूचि और प्रशासनिक व्यवहार्यता पर निर्भर करता है। विनिवेश लेनदेन की बाजार के प्रति संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए, विनिवेश के लिए समयसीमा तैयार करना संभव नहीं है।

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान, टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल), जो दूरसंचार विभाग (डीओटी) के तहत एक सीपीएसई है, ने भारती एयरटेल लिमिटेड के साथ टीसीआईएल की एक संयुक्त उद्यम कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड (बीएचएल) में 15% हिस्सेदारी के विनिवेश से प्राप्त आय से वित्त वर्ष 2024-25 में भारत सरकार को 3727.78 करोड़ रुपये के विशेष लाभांश का भुगतान किया है। विगत तीन वर्षों के दौरान कोई अन्य अधिशेष अंतरण प्राप्त नहीं किए गए।

***

अनुबंध

माननीय सांसद डॉ. अमर सिंह द्वारा दिनांक 30.03.2026 को लोकसभा में "सीपीएसई के विनिवेश" के संबंध में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 5902 के उत्तर में उल्लेखित अनुबंध

वित्त वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान किए गए विनिवेश का विवरण।

क. अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री

i. प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ)

वर्ष	**सीपीएसई**
2022-23	भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई)
2023-24	इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा)
2024-25	एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड- एनटीपीसी की सहायक कंपनी
2025-26	भारत कोकिंग कोल लिमिटेड- कोल इंडिया की सहायक कंपनी

ii. बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) जिसमें कर्मचारी ओएफएस शामिल है

वर्ष	**सीपीएसई**
2022-23	ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी)
	पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड (पीपीएल)
	इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी)
	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)
2023-24	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
	कोल इंडिया लिमिटेड
	रेल विकास निगम लिमिटेड
	एसजेवीएन लिमिटेड
	हाउज़िंग एण्ड अर्बन डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हुडको)
	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
	एनएचपीसी लिमिटेड
	एनएलसी इंडिया लिमिटेड
2024-25	जनरल इन्श्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
	हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (अन्य)
2025-26	मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड
	बैंक ऑफ महाराष्ट्र
	इंडियन ओवरसीज बैंक
	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
	इंडियन रेल्वे फाइनैन्स कॉर्पोरेशन

iii. वापसखरीद लेनदेन

वर्ष	**सीपीएसई**
2022-23	गेल (इंडिया) लिमिटेड

वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में कोई वापसखरीद नहीं हुआ (दिनांक 24.03.2026 की स्थिति के अनुसार)

ख. <u>रणनीतिक विनिवेश लेनदेन</u>

वर्ष	**सीपीएसई**
2021-22	एयर इंडिया
2022-23	नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआइएनएल)
2024-25	फेर्रो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल)

वर्ष 2023-24 और 2025-26 में कोई रणनीतिक विनिवेश लेनदेन नहीं किए गए (दिनांक 24.03.2026 की स्थिति के अनुसार)

***